**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक – 28.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड के सभी 24 जिलों में खुलेंगे अबुआ दवाखाना, कैबिनेट ने दी मंजूरी, राज्य सरकार मुफ्त देगी एलोपैथी और आयुष की दवाइयां ।**

2. **सारंडा में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का निर्णायक अभियान तेज, आईजी अभियान ने कहा– नक्सलियों की पूरी घेराबंदी, सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी।**

3. **राज्यभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है बकरीद का त्योहार, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।**

4. **राजधानी रांची सहित राज्य के 20 जिलों में आज बारिश, आंधी और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।**
5. **राज्य में झारखंड टी–20 प्रीमियर लीग का 10 जून से होगा आयोजन, छह टीमें लेंगी हिस्सा, 30 मई को होगी 241 खिलाड़ियों की निलामी।**

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण को प्रभावी रूप से लागू करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि यह अभियान केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि नियमित निगरानी, जनभागीदारी और विभिन्न पक्षों के समन्वय से ठोस परिणाम सुनिश्चित किए जाएं।

नई दिल्ली में 51वीं प्रगति बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने राज्यों से अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी परियोजनाओं कचरा प्रसंस्करण और गोबरधन संयंत्रों के निर्माण में तेजी लाने का आग्रह किया।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने राज्य के सभी 24 जिलों में "अबुआ दवाखाना" खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इन केंद्रों में एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्धा पद्धति से इलाज की सुविधा एक ही जगह उपलब्ध होगी। शुरुआत में 745 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में एकीकृत औषधि केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां जरूरी दवाइयां निःशुल्क दी जाएंगी। कैबिनेट ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक पदार्थों से जुड़ी सूचनाएं देने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए नई पुरस्कार नीति को भी मंजूरी दी। राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनधारियों को एक जनवरी 2026 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गई।

********************

राज्य में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान अब अंतिम और निर्णायक दौर में पहुंच गया है। सारंडा के घने जंगलों में छिपे नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस, कोबरा, जगुआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम लगातार अभियान चला रही है। आईजी अभियान नरेंद्र सिंह ने कहा कि सुरक्षा बलों का अभियान सही दिशा में चल रहा है और नक्सलियों की पूरी तरह घेराबंदी कर दी गई है।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बुरूडीह से कान्दरबेड़ा के बीच सुवर्णरेखा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया। उन्होंने कहा कि पुल बनने से क्षेत्र का सीधा संपर्क एनएच–32 से जुड़ जाएगा, जिससे आवागमन, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुविधा होगी। इस दौरान उन्होंने बुरूडीह में जल्द डिग्री कॉलेज निर्माण शुरू कराने की घोषणा भी की।

********************

खूंटी जिले में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से 29 मई से 4 जून तक "चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो" अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा समाज में फैली झिझक और भ्रांतियों को दूर करना है। उपायुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन ने कहा कि माहवारी से जुड़े विषयों पर पुरुषों को भी जागरूक करना जरूरी है।

********************

राज्यभर में ईद उल अजहा का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कुर्बानी के साथ इसकी शुरूआत की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को बधाई दी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को बकरीद की बधाई दी।

********************

जामताड़ा जिले में बकरीद शांति, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त आलोक कुमार ने जिलेवासियों से शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास से बकरीद मनाने की अपील की है।

********************

सिमडेगा में अफीम तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। महाराष्ट्र की नागपुर पुलिस की नारकोटिक्स विरोधी टीम और सिमडेगा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में करीब 33 किलो अफीम बरामद की गई है। इसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ 68 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। एसडीपीओ धर्मदेव पासवान ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर नागपुर ले जाया गया है।

********************

राजधानी रांची सहित राज्य के 20 जिलों में आज बारिश, तेज आंधी और वज्रपात की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा को छोड़कर राज्य के अधिकांश जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

********************

राज्य में इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल की तर्ज पर बहुप्रतीक्षित टी–20 प्रीमियर लीग का आयोजन 10 जून से होगा। जेएससीए की ओर से आयोजित होने वाली इस लीग में छह टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें रांची कैपिटल्स, जमशेदपुर स्टीलर्स, धनबाद डायमंड्स, छोटानागपुर रॉयल्स, कोयलांचल सुपर किंग्स और संथाल स्ट्राइकर्स शामिल हैं। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 30 मई को जमशेदपुर के द वेव इंटरनेशनल में आयोजित होगी। जेएससीए ने नीलामी के लिए 241 खिलाड़ियों की सूची जारी की है।

*********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राज्य के लगभग सभी अखबारों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले की खबर को प्रमुखता से प्रकाषित किया है––

**प्रभात खबर** ने लिखा है कैबिनेट का फैसला– हर जिले में अबुआ दवाखाना, ड्रग तस्करी की सूचना देने पर दो लाख रूपये तक का इनाम।

**दैनिक जारगण** की सुर्खी है–– राज्य सरकार का डीए 9 प्रतिषत तक बढ़ा।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है–ं आइपीएल के एलिमिनेटर मैच में वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड

********समाप्त************